Ans. (d) : सन् 1916 में साधु सीताराम दास के अनुरोध पर विजय सिंह पथिक किसान आन्दोलन में शामिल हुए। वर्ष 1917 ई. में सावन अमावस्या के दिन विजय सिंह पथिक द्वारा उपरामल/उपरमाल पंच बोर्ड का गठन (13 सदस्य) किया। पथिक का मूल नाम भूपसिंह था वे मूलतः बुलन्दशहर (उ.प्र.) के रहने वाले थे। 1918 ई. में विजय सिंह पथिक ने बम्बई में गांधी जी से मुलाकात की। गांधी जी प्रभावित हुए और उन्हें ''राष्ट्रीय यात्री'' की उपाधि दी।

228. कौन सा सही सुमेलित नहीं है?

(a) पहाड़ों की नगरी-डूंगरपुर
(b) राजस्थान का प्रवेश द्वार-भरतपुर
(c) वस्त्र नगरी-भीलवाड़ा
(d) पूर्व का पेरिस-उदयपुर

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II

Ans. (d) : सही सुमेलन इस प्रकार है।

(a) पहाड़ों की नगरी	-	डूंगरपुर
(b) राजस्थान का प्रवेश द्वार	-	भरतपुर
(c) वस्त्र की नगरी	-	भीलवाड़ा
(d) पूर्व का पेरिस	-	जयपुर

229. राजस्थान में ऑक्सी-ज़ोन पार्क कहाँ विकसित किया जा रहा है?

(a) उदयपुर (b) जोधपुर
(c) जयपुर (d) कोटा

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II

Ans. (d) : राजस्थान में ऑक्सीजोन पार्क कोटा में विकसित किया जा रहा है। यह पार्क 71 एकड़ में तैयार किया जा रहा है। इस पार्क में 72% क्षेत्र में पेड़, लगाए जायेंगे। 16 फीसदी एरिया में तालाब एवं नहर का निर्माण होगा। पार्क में सिर्फ 12% क्षेत्र में ही पक्का निर्माण किया जायेगा। पार्क में ऊल्टा पिरामिड, ग्लोब स्टैच्यू पर पिघलता लावा, काइनेटिक सर्किल, हीमैन सर्किल और ज्ञान सर्किल के निर्माण किया जा रहा है। इस पार्क से 4 किलोमीटर तापमान में कमी रखेगा और 8 किलोमीटर एरिया तक इसकी ऑक्सीजन का असर रहेगा।

230. अल्बर्ट हाल नाम है

(a) उदयपुर के एक सभागार का
(b) जयपुर की एक रंगशाला का
(c) जयपुर के एक संग्रहालय का
(d) आबू में एक हॉल का जहाँ अंग्रेज क्रिसमस मनाते थे

RPSC-2011

Ans. (c) : 'अल्बर्ट हाल' जयपुर के एक संग्रहालय का नाम है। यह राज्य का सबसे पुराना संग्रहालय हैं। 1876 ई. में एक कॉन्सर्ट हॉल के रूप में बनाया गया था। इसे सरकारी केन्द्रीय संग्रहालय भी कहा जाता है। हाल ही में इस म्यूजियम के नाम बदलने की मांग उठी है।

231. निम्नांकित में से कन्यावध के विरूद्ध कानून बनाने वाला पहला राज्य थाः

(a) बीकानेर (b) जयपुर
(c) जौधपुर (d) कोटा

RPSC-2011

Ans. (d) : कन्यावध के विरूद्ध कानून बनाने वाला राजस्थान का पहला राज्य कोटा है। कोटा के शासक महाराव रामसिंह ने 1833-34 ई.में कन्या वध के विरूद्ध कानून बनाया। भारत का तत्कालीन गवर्नर जनरल लार्ड विलियम बैण्टिक था।जिसने समाजिक सुधार हेतु कई कार्य किया।

232. निम्नांकित युद्धों व उनके घटना-वर्षो को सुमेलित कीजिए

सूची-I	**सूची-II**
A. खानवा का युद्ध	i. 1761ई.
B. हल्दीघाटी का युद्ध	ii. 1576 ई.
C. तराइन का द्वितीय युद्ध	iii. 1192 ई.
D. पानीपत की तीसरी लड़ाई	iv. 1527 ई.

कूट:

	a	**b**	**c**	**d**
(A)	i	ii	iii	iv
(B)	iv	ii	iii	i
(C)	i	ii	iv	i
(D)	iv	iii	ii	i

RPSC-2011

Ans. (b): युद्धों एवं घटना वर्षो का सही सुमेलन इस प्रकार है।

a. खानवा का युद्ध	-	iv -1527 ई.
b. हल्दीघाटी का युद्ध	-	ii -1576 ई.
c. तराइन का द्वितीय युद्ध	-	iii -1192 ई.
d. पानीपत की तीसरी लड़ाई	-	i -1761 ई.

अतः विकल्प 2 सही है।

a. खानवा का युद्ध (1527ई.) बाबर एवं राणा सांगा के मध्य हुआ था। जिसमें राणा सांगा की पराजय हुई थी।
b. हल्दीघाटी का युद्ध (1576ई.) मुगल शासक अकबर के सेनापति मानसिंह और मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप के मध्य हुआ था
c. तराइन का द्वितीय युद्ध (1192ई.) चौहान वंशीय शासक पृथ्वीराज तृतीय एंव मुस्लिम आक्रमणकारी मुहम्मद गोरी के मध्य हुआ था जिसमें मुहम्मद गोरी की विजय हुई थी।
d. पानीपत का तीसरा युद्ध (1761 ई.) मराठों एवं मुस्लिम आक्रमणकारी अहमदशाह अब्दाली के मध्य हुआ था जिसमें मराठों की हार हुई।

233. राजस्थान में सूखा संभाव्य (सूखा प्रभावित) क्षेत्र कार्यक्रम किस वर्ष में प्रारम्भ किया गया?

(a) 1971-75 (b) 1978-79
(c) 1982-83 (d) 1985-86

RPSC-2011